तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 18 फरवरी 2025

14 संकुल प्राचार्य और समन्वयक की बैठक में परीक्षा पर...



14 मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण कार्य और ...





## खबर संक्षेप

### पखांजूर के तालाब में मिला भ्रूण, जांच जारी

**पखांजुर।** थाना पखांजुर अंतर्गत पीव्ही 24 के तालाब में अज्ञात बच्चे का भ्रूण मिला है। पुलिस का मानना है कि अवैध गर्भपात के बाद भ्रूण को तालाब में फेंका गया है। घटना की खबर मिलते ही पखांजुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जाँच में जुट गई है और पतासाजी करने में लगी है कि किसके द्वारा यह कृत्य किया गया है। आरोपी का पता चल जाने पर नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

### जंगली सुअर के हमले से ग्रामीण की हुई मौत

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम कोड़ेकुर्से का 60 वर्षीय ग्रामीण बकरी चराने के लिए जंगल गया था। बकरी चराने के दौरान जंगली सुअर ने ग्रामीण पर हमला बोल दिया। घायल ग्रामीण को ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और ईलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### महिला ने फांसी लगा की खुदकुशी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बरदेभाठा निवासी 24 वर्षीय प्रेमलता कंचन ने 16 फरवरी को अज्ञात कारणो के चलते घर के पंखा में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शराब का अवैध परिवहन कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** अवैध रूप से शराब का परिवहन करने व शराब बेचने वालों के खिलाफ नरहरपुर पुलिस लगातार कार्यवाई कर रही है। नरहरपुर पुलिस ने 16 फरवरी को छापामार कार्रवाई करते हुए कोचिए के कब्जे से 13 नग अंग्रेजी शराब और 3 नग बियर जप्त किया। मामले में सउनि लोमश मुनि बैरागी ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति शेष पेज 12 पर

## चुनाव : गाँव की सत्ता के लिए दोपहर दो बजे तक हुआ मतदान

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : प्रथम चरन में 80 फीसदी मतदान, परिणामों की घोषणा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

त्रिस्तरीय पंचायत के पहले चरण के तहत कांकेर जिले के विकासखंड कांकेर, नरहरपुर व चारामा में निर्धारित समय सुबह

- पंच, सरपंच के परिणाम देर रात तक आते रहे
- 18 फरवरी को होगी टेबुलेशन, तभी होगी अधिकृत घोषणा
- गणना पत्रक एजेंटो को मतगणना स्थल पर दिया गया

पौने 7 बजे से मतदान शुरू हो गया और दोपहर 2 बजे तक मतदान हुआ। कई केंद्रो में मतदाता 2 बजे के कुछ समय पहले पहुँचे, उनको टोकन दिया गया और देर शाम यानी शाम 7 बजे तक मतदान होता रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह-सुबह और उसके बाद दोपहर को मतदाताओं में ज्यादा ही उत्साह देखने को मिला। समाचार लिखे जाने तक मतदान होने पर मतदान का प्रतितश सामने नहीं आ पाया। अधिकारियों की मानें तो लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा ही मतदान हुआ है। मतदान दल अपने मतदान केंद्रो पर एक दिन पहले पहुँच गए थे और सुबह 6 बजे से मतदान के लिए तैयारी प्रारंभ कर दिया था। सभी मतदान केंद्रो पर सुबह पौने 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया था। निर्धारित समय 2 बजे तक मतदान होना था, परंतु मतदाता अंतिम समय पर पहुँचने के कारण अधिकतम मतदान केंद्रो पर देर शाम को मतदान खत्म हुआ, इसके उपरांत मतगणना शुरू हुई। मतगणना में सबसे पहले पंच, उसके बाद सरपंच, उसके बाद जनपद सदस्य और अंत में जिला पंचायत सदस्य के लिए मतगणना की गई। दिव्यांग मतदाताओं का मतदान के लिए मतदान केंद्रो पर व्हील चेयर की व्यवस्था भी की गई थी। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिले की जनपद पंचायत कांकेर, नरहरपुर और चारामा में स्थानीय सरकार का चुनाव करने ग्रामीण मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। युवा वर्ग ही नहीं, बड़े बुजुर्ग, निःशक्तजन और महिला मतदाताओं में भी मतदान करने पोलिंग बूथों में लंबी कतारें सुबह से ही देखने को मिली। कहीं पर महिलाएं अपने बच्चे को गोद में लिए, तो कहीं उम्रदराज मतदाताओं को सहारा देकर मतदान केंद्रों में लाते नजर आए।



### 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने किया मतदान

विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पटौद के मतदान केन्द्र में लगभग 90 वर्षीय फूलोबाई पटेल ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने उत्साह के साथ मतदान करते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार है, सबको अपना स्थानीय जनप्रतिनिधि चुनने मतदान अवश्य करना चाहिए। इसी प्रकार 66 वर्षीय सामरथ विश्वकर्मा, 85 वर्षीय सदाराम पटेल ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के प्रति आस्था का प्रदर्शन किया।



### कमार जनजाति के मतदाताओं ने किया मतदान

*त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 में जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के कमार जनजाति के मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम मावलीपारा की विशेष पिछड़ी जनजातीय बाहुल्य कमारपारा में बड़ी संख्या में कमार जनजाति के परिवार निवासरत हैं। जिले के पिछड़े जनजाति के माने जाने वाले कमार जनजाति के इन सदस्यों ने भी मतदान के प्रति जागरूकता दिखाते हुए बढ़-चढ़कर मतदान किया। कमार जनजाति के मतदाताओं ने एकजुट होकर मतदान के लिए निर्धारित समय में सुबह मतदान केंद्र क्रमांक123 पहुंचकर वोट किया। इस दौरान कमार मतदाता चिंताराम, रतनीबाई और बृजबती ने भी पोलिंग बूथ में जाकर वोट दिया।*



### फर्स्ट टाइम वोटर्स भी उत्साहित दिखे

नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मांडाभर्री संतोषी नेताम ने पहली बार वोटिंग किया। इसी प्रकार कांकेर के ग्राम सरंगपाल की तारणी देवांगन, संध्या देवांगन और जशमिका मण्डावी तथा लखनपुरी से गौरव कटेंद्र और मयंक यादव ने पहली बार त्रिस्तरीय पंचायत में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने वोटिंग के बाद अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से प्रभावित होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लिया। उन्होंने आगे बताया कि आगामी चुनावों में भी हम अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करेंगे।

### गोद में बच्चे लेकर पहुंचीं माताएं मतदान करने



मताधिकार को लेकर ग्रामीण काफी जागरूक हो चुके हैं। बच्चे को गोद में लेकर ग्राम पंचायत मांडाभर्री के मतदान केन्द्र क्रमांक 124, 125 में मतदान करने पहुंची बसंती जैन और योगिता मानिकपुरी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार कांकेर अंतर्गत मतदान केन्द्र पटौद में गायत्री निषाद ने भी वोट किया। उहोंने बताया कि अपने लोकप्रिय प्रतिनिधि का चुनाव करने वोट करना जरूरी है। इस प्रकार जिले के ग्रामीण मतदाताओं ने पूरे जोश, उमंग और उत्साह के साथ स्थानीय निर्वाचन में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई और जागरूक मतदाता होने का प्रमाण दिया।

### जिपं क्षेत्र क्रमांक 1 से 6 तक के लिए हुआ मतदान

जिपं कांकेर के लिए 13 जिला पंचायत क्षेत्रों में से 6 जिला पंचायत क्षेत्र के लिए प्रथम चरण में मतदान हुआ। प्रत्याशियों को गणना पत्रक मिल जाने के बाद इनकी तस्वीर देर रात तक उनको स्पष्ट हो जाएगी, वहीं प्रशासन परिणाम का टेबुलेशन 18 फरवरी को करेगा, तभी पूरी तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी। क्षेत्र क्रमांक 01 से मृदुला भास्कर और सुमित्रा मारकोले, समाचार लिखे जाने तक सुमित्रा मारकोले आगे चल रही थी। क्षेत्र क्रमांक 02 से अनुसुईया सोनवानी, अर्चना कमल नागवंशी, दुर्गा नायक, कुंती हिरामन नाग, मंजू बारले, रेश्मा सचिन केशरी, शांति बाई बघेल, सुलोचना नेताम, तरूणा संतोष टांडिया मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 03 से अन्नपूर्णा ठाकुर, चंद्रवती नेताम, पुष्पा मंडावी, सावित्री संजना वट्टी, क्षेत्र क्रमांक 04 से हेमलाल मरकाम, संजूलता नेताम, तारा ठाकुर क्षेत्र क्रमांक 05 अनिता जैन, मिथलेश शोरी, तिजेश्वरी गब्बर सिन्हा क्षेत्र क्रमांक 06 में किरण नरेटी, कुंती मंडावी, मिथलेश्वरी राजकुमार साहू, नवली मीना मंडावी और राजमणि ठाकुर किस्मत अजमा रहे है। अन्य क्षेत्रों के प्रत्याशियों की रिपोर्ट नहीं आ पाई।



# राष्ट्रीय सह साधन परीक्षा दो पालियों में हुई, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

चारामा ब्लाक के तीन परीक्षा केंद्रों में राष्ट्रीय सह साधन प्रवीण्य परीक्षा दो पाली में रविवार को आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में ब्लाक चारामा के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्र छात्राएं शामिल हुए। शिक्षा विभाग ब्लाक चारामा के खंड शिक्षाधिकारी केशव राम साहू के द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सत्र 2024-25 में राष्ट्रीय सह साधन प्रवीण्य परीक्षा के लिए कुल 919 छात्रों का पंजीकरण कराया गया था। इसके लिए ब्लाक के तीन परीक्षा केंद्रों पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल चारामा में 350, शासकीय कन्या उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय चारामा में 350 और शाउमा विद्यालय गिरहोला में 219 छात्र छात्राओं के लिए बैठक व्यवस्था बनाया गया था। तीनों परीक्षा केंद्रों के दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 913 छात्रों ने परीक्षा दिलाई और 6 छात्र अनुपस्थिति थे। तीनों परीक्षा केंद्रों में परीक्षा का संचालन बहुत ही अच्छे तरीके की किया गया। राष्ट्रीय सह साधन प्रवीण्य परीक्षा में सफल छात्रों को चार साल तक प्रतिमाह 1000 रूपए की छात्रवृत्ति केंद्र सरकार के द्वारा दिया जाता हैं। ब्लाक चारामा से विगत 7 सालों के अंदर सैकड़ों बच्चों को प्रतिमाह छात्रवृति मिल रहा हैं, इससे उनके पढ़ाई के साथ-साथ अन्य जरूरतों को पूरा के लिए आसानी हो जाता हैं। सभी प्रकार के प्रतियोगी परीक्षा के लिए विकासखंड चारामा का नाम पूरे बस्तर संभाग में हमेशा अव्वल रहा हैं। नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा, एकलव्य आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा, प्रयास विद्यालय चयन परीक्षा, जेईई व नीट जैसे शेष पेज 12 पर

# पंचायत चुनाव के दूसरे चरन का मतदान कल, सामग्री वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

त्रिस्तरीय पंचायत के दूसरे चरण का मतदान 20 फरवरी को है और इसके लिए मतदान दलों को 19 फरवरी को रवाना किया जाएगा, जिसकी तैयारी निर्वाचन आयोग ने पूरा कर लिया है। जानकारी के तहत त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए तहसील दुर्गूकोदल के अंतर्गत आने वाले 44 ग्राम पंचायत के 863 पंच, 44 सरपंच, 11 जनपद सदस्यों व 2 जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन होना है।

इसके लिए रिटर्निंग अधिकारी केतन भोयर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने बताया है कि पंचायत चुनाव 2025 के लिए जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल को वितरण संग्रहण केंद्र व स्ट्रांग रूम बनाया गया है। बुधवार 19 फरवरी की सुबह 6 बजे से 10 बजे तक मतदान दल व रिजर्व दल के अधिकारी कर्मचारी को संग्रहण वितरण केंद्र जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल से मतदान केंद्रों की ओर रवाना किया जाएगा। मतदान केंद्रों तक सुरक्षा के साथ पहुंचाने रूट चार्ट बनाया गया है और रूट प्रभारी नियुक्त कर जिम्मेदारी दी गई है। पूरे निर्वाचन क्षेत्र को 12 सेक्टर में बांटा गया है और उसके लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

# अंचल के मतदान केंद्रों का किया कलेक्टर और प्रेक्षक ने निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिले की जनपद

- मतदान केंद्रो में ग्रामीणों और वालेंटियर्स से की चर्चा
- पहले चरण में जिले की तीन जनपद पंचायतों में मतदान हुआ

पंचायत कांकेर, नरहरपुर और चारामा में मतदान 17 फरवरी को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। सुबह पौने सात बजे से मतदान प्रक्रिया दोपहर 02 बजे तक चली। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और प्रेक्षक विश्वरंजन कुमार ने नरहरपुर विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण एवं अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही मतदाताओं से चर्चा की। कलेक्टर और प्रेक्षक 17 फरवरी की सुबह जनपद पंचायत नरहरपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 126,127, 128 बासनवाही, मतदान केंद्र क्रमांक 132 साईंमुंडा, केंद्र क्रमांक 129,130 बांगाबारी, मतदान केंद्र क्रमांक 124 और 125 मांडाभर्री का निरीक्षण व अवलोकन कर ग्रामीणों एवं वालेंटियर्स से चर्चा किया तथा मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने मतदान अधिकारियों से मतदान प्रतिशत की जानकारी लिया तथा व्यवस्थित ढंग से वोटिंग सम्पन्न कराने के निर्देश पीठासीन शेष पेज 12 पर

## प्रशिक्षण के बाद 15 युवक-युवतियों को मिला प्रमाण पत्र

# ससीब ने अतिसंवेदनशील क्षेत्र के युवकों को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

सशस्त्र सीमा बल के द्वारा अतिसंवेदनशील क्षेत्र के युवकों को मानव संसाधन व कौशल विकास के अंतर्गत एक माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया। एक माह का प्रशिक्षण खत्म होने के उपरांत प्रशिक्षण लेने वाले 15 युवक एवं युवतियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। गोंडबिनापाल में आयोजित कार्यक्रम में 28 वीं वाहिनी के कमांडेट अरूण देवगम ने संबोधित करते हुए कहा कि सशस्त्र सीमा बल अपने उद्देश्य वाक्य सेवा, सुरक्षा व बंधुत्व का अनुसरण करते हुए रावघाट रेलवे प्रोजेक्ट की सुरक्षा के



साथ साथ अपने कार्यक्षेत्र में लोगों को आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए मानव संसाधन एवं विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण का आयोजन करती रहती है और वाहिनी द्वारा गोड़विनापाल व आसपास युवक व युवतियों को भिन्न भिन्न प्रकार के स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिए है, जिससे इनको रोजगार प्राप्त हो सकें व स्वावलंबी बन सकें। इसके अलावा बच्चों को पढ़ाई-लिखाई तथा खेल सामग्रियों का निःशुल्क वितरण उनके खेल प्रतिभा तथा पढ़ाई में रूचि पैदा करने का प्रयास जारी है। सीओबी गोड़बिनापाल परिसर में आयोजित नागरिक कल्याण कार्यक्रम में गोड़विनापाल और जैथपुरी के युवा ग्रामीणों के लिए खेल समाग्रियों क्रिकेट किट, वॉलीबाल और कैरम बोर्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा गोड़विनापाल, मुरनमेर और जैथपुरी के सरकारी स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, नोट बुक, पेन्सिल, ईरेजर, शार्पनर, स्केल, बॉल पेन, वाटर बोतल इत्यादि समानों का वितरण किया गया। गोड़विनापाल में पीए ईक्विपमेंट, डीजे सेट्स, टेंट सामियाना और सोलर लाईट सेट दिया गया, इससे जरूरतमंद ग्रामीणों को शादी या कोई भी प्रकार के त्यौहार के लिए गांव में निःशुल्क सुविधा दिया जा सके। कलगांव और जैथपुरी गांव के दो विकलांग युवाओं को 02 ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर 28वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, अंतागढ़ के कमांडेन्ट श्री अरूण देवगम, वाहिनी के समस्त अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण, और जवानों के अलावा प्रशिक्षण देने वाले इंस्टिट्यूट के प्रचार्य, शिक्षक, प्रशिक्षणार्थी और ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### श्रद्धापूर्वक मातृ–पितृ दिवस मनाया गया

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय आमातालाब धमतरी में 14 फरवरी शुक्रवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस श्रद्धा भाव से मनाया गया । इस अवसर पर छात्रों के आमंत्रित मातृशक्ति एवं अभिभावकों का उनके पाल्यों के द्वारा योग वेदान्त सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सेवादारों के मार्गदर्शन में पूजन–अर्चन कराया गया। मातृशक्ति द्वारा अपने संतानों के सिर पर अपार स्नेह एवं प्रेम की वर्षा की गई।

### गोकुलपुर में एकतरफा, रिसाईपारा पश्चिम में एक वोट से जीत-हार

**धमतरी।** नगर निगम चुनाव 2025 में कई वार्डों में एकतरफा तो कई वार्डों में कांटे की टक्कर रही। एक वोट का महत्व रिसाईपारा पश्चिम में देखने को मिला, वहीं गोकुलपुर वार्ड में एकतरफा जीत का रिकार्ड दर्ज किया गया है।
रिसाईपारा पश्चिम वार्ड में मात्र 1 वोट से हार-जीत का फैसला हुआ है। यहां भाजपा के सुभाष चंद्राकर को कुल 299 मत प्राप्त हुए। कांग्रेस के पार्षद योगेश लाल और पूर्व पार्षद पवन लिखी के बीच कांटे की टक्कर थी।

### गर्मी बढ़ने के साथ हरी सब्जियों का पारा चढ़ा

**धमतरी।** शीत ऋतु की विदाई के साथ फरवरी माह में ही अंचल में तेज गर्मी पड़ने लगी है जिसके कारण हरी सब्जियों का उत्पादन कम हो गया है और बाजारों में दाम बढ़ गए हैं। कुछ सब्जियां ऐसी है जिसका रेट आसमान पर है, तो वहीं कई सब्जियों के दाम काफी कम है। आवक कम होने की वजह से ग्वारफली, कटहल, ढेंस के दाम 80 से 100 रुपए प्रतिकिलो है तो वहीं टमाटर 6 से 7 रूपए किलो तथा मूली, पत्तागोभी, लौकी, गोभी 10 से 20 रुपए किलो हो गई है। कृषक गैंदलाल सोनकर का कहना है कि गर्मी सीजन में 50 से 60 प्रतिशत सब्जी खेती का रकबा घट जाता है। सिंचित व फार्म हाऊस क्षेत्र में सब्जी का उत्पादन होता है।

## पेज 11 के शेष

### शराब का अवैध...

अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहा है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत घेराबंदी किया गया और शराब कोचिया जामगांव निवासी 33 वर्षीय लोकेश कुमार रजक पिता घासीराम रजक को पकड़ा गया। आरोपी कोचिए कि तालाशी लेने पर कब्जे से 13 नग व्हीस्की अंग्रेजी शराब और 3 नग बियर कुल 2 हजार 350 रूपएं की शराब को जप्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### राष्ट्रीय सह साधन...

परीक्षाओं में ब्लाक चारामा के छात्र छात्राओं ने बड़ी तादाद में सफलता अर्जित किए हैं। परीक्षा केंद्रों में परीक्षा संपन्न करवाने में समस्त संस्था प्रमुखों, बच्चों के पालकों, शिक्षा शिक्षिकाओं का योगदान रहा हैं।

### अंचल के मतदान...

अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही नियत समय तक मतदान केन्द्र परिसर में पहुंचे सभी मतदाताओं से मतदान करने के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम अरुण वर्मा भी उपस्थित रहे।



### कलेक्टर एवं एसपी ने मर्दापाल क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया

# ग्रामीणों में मतदान को लेकर रहा जमकर उत्साह, केंद्रों में लगी रही लंबी-लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन–2025 अंतर्गत प्रथम चरण में जिले के कोंडागांव जनपद में मतदान के साथ पंचायत चुनाव का शुभारंभ हो गया है। पहले चरण के मतदान में जिले के कोण्डागांव जनपद अंतर्गत दूरस्थ अंचलों में मतदान को लेकर ग्रामीण मतदाताओं में, विशेषकर महिलाओं और युवा मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कई गांवों के मतदान केन्द्रों में ग्रामीणों की लंबी कतार देखने को मिली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ जिले के संवेदनशील मर्दापाल क्षेत्र के दूरस्थ गांवो का दौरा कर विभिन्न मतदान केद्रों का निरीक्षण किया और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं सहित सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

■ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव: शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षतापूर्वक हुआ मतदान

कलेक्टर ने मर्दापाल, हसलनार, पदनार, पुसपाल, जोड़ेंगा तथा बनियागांव के मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान की प्रगति की जानकारी ली। निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारियों को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने युवा मतदाताओं से चर्चा कर उनके पहले मतदान के अनुभवों को जाना और ग्रामीणों से शत–प्रतिशत मतदान की अपील की।

#### ये रहे उपस्थित

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के द्वितीय चरण में जिले के जनपद पंचायत फरसगांव और माकड़ी में मतदान 20 फरवरी को निधारित है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश दांडे उपस्थित रहे।



### महिलाओं एवं युवा मतदाताओं ने बढ़–चढ़कर किया मतदान

**कोण्डागांव।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन–2025 के अंतर्गत कोंडागांव जनपद पंचायत में मतदान के साथ निर्वाचन प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। पहले चरण के मतदान के लिए सुबह से ही मतदान केंद्रों पर भारी भीड़ देखी गई, जिसमें खासतौर पर महिलाओं और युवा मतदाताओं का उत्साह देखने लायक था। महिलाओं और युवा मतदाताओं का यह जोश एवं अपने अधिकार के प्रति जागरूकता निश्चित ही अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणा है।

मतदान केंद्र चिखलपुट्टी में ग्राम दूधगांव से मतदान करने पहुंचे युवा मतदाता दिशा नाग ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह मेरा पहला मतदान है और इसे लेकर बेहद उत्साहित हूं। मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है। हर मतदाता को मतदान अवश्य करना चाहिए। इसी तरह दूधगांव की तृप्ति शोरी और ग्राम जोड़ेंगा की तामेश्वरी ने भी पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग किया और लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।




#### महिला मतदाताओं में दिखा मतदान के प्रति जुनून

कोंडागांव जनपद के लगभग सभी मतदान केंद्रों पर महिलाओं में मतदान को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला। वे अपने रोजमर्रा के सभी कार्यों को छोड़कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने पहुंचीं। ग्राम पुसपाल के मतदान केन्द्र में मानफली पोयाम अपनी बच्ची के साथ मतदान करने पहुंची। इसी प्रकार कई मतदान केंद्रों पर महिलाएं छोटे बच्चों को गोद में लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंची, जो उनके मतदान के प्रति जागरुकता को दर्शाता है।

# चौथी बार पार्षद और एक बार पंच का चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बनाया शैल ने

**फरसगांव।** नगरीय निकाय चुनावीं जंग तो समाप्त हुई, इस बीच नगर पंचायत के एक ऐसे भाजपा के पार्षद प्रत्याशी का नाम सामने आया जो लगातार तीन बार पार्षद और एक बार पंच का चुनाव जीत चुके थे। इस बार भी निकाय चुनाव में जीत हासिल करने में कामयाब रहे और इनके नाम पांच बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बन गया। इन्होंने नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रं. 04 से एक बार और वार्ड क्रं. 05 से 3 बार पार्षद बनी है। ज़ब फरसगांव ग्राम पंचायत रहा। उस समय से वार्ड पंच से अपनी राजनीति की शुरुवात की थी। इस वार्ड में वह काफी लोकप्रिय हैं। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्हें आज तक कोई भी प्रत्याशी चाहे वह कांग्रेस का हो या निर्दलीय, टक्कर नहीं दे सका। वो भाजपा में है तो कांग्रेस भी उसके टक्कर का प्रत्याशी खोज



पाने में नाकाम साबित हुआ हैं। अब पांचवी बार चुनाव मैदान में जीत हासिल कर जनता की सेवा करने का फैसला किया। वार्डवासियों का कहना है कि पार्षद शैल दीदी हमारे हर सुख दुख और हर सामाजिक कार्य और आर्थिक समस्या के समय साथ खड़े रहने वाली हैं।

# कलेक्टर, सीईओ ने किया सोनपुर में आश्रम-छात्रावासों का अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणपुर

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं और जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो के द्वारा मतदान केद्रो के निरीक्षण पश्चात सोनपुर में संचालित आश्रम छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण करते हुए प्री मैट्रिक बालक छात्रावास और आदर्श आदिवासी कन्या आश्रम का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से साफ सफाई और भोजन की गुणवत्ता संबंधी जानकारी ली। बालक छात्रावास में बच्चों द्वारा खेल मैदान बनाने की मांग किए जाने पर कलेक्टर ने बच्चों को आश्वासन देते हुए कहा कि परीक्षण कर शीघ्र खेल मैदान बनाए जाएंगे। कलेक्टर ने भोजन कर रहे बच्चों का परिचय पूछते हुए बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। बालक छात्रावास के निरीक्षण पश्चात आदर्श आदिवासी कन्या आश्रम का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बालिकाओं से आश्रम की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। आश्रम में दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता और साग सब्जी संबंधी जानकारी लेते हुए आश्रम अधीक्षक की उपस्थिति संबंधी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान एसडीम गौतमचंद पाटिल, जनपद सीईओ लोकनाथ पटेल उपस्थित थे।




# सुचंद्रा ने हासिल की पीएचडी की उपाधि, जिले का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव

ग्राम बोरगांव के निवासी शिक्षक स्व. सुशांत सज्जल व प्रधान अध्यापिका प्रभा सज्जल की पुत्रवधू श्रीमती सुचंद्रा सज्जल ने एसजीटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम से पीएचडी की उपाधि हासिल कर अपने गांव, समाज व जिले का नाम रोशन किया है।



सुचंद्रा को श्रीं गुरु गोविंद सिंह ट्राई सेंटेनरी विश्वविद्यालय गुरुग्राम द्वारा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध एसजीटी कॉलेज गुरुग्राम की प्रो. डॉ. मनिषा खंडैत के निर्देशन में पूरा किया। उनका शोध विषय मेडिकल मइक्रोबायोलॉजी के तहत मानव आंत में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीव रहा है।

सुचंद्रा के पति सौरव सज्जल ने बताया कि उसे बचपन से ही शिक्षा के प्रति काफी रूची थी। वह दिल्ली गुड़गांव में रहकर एसजीआरआर युनिवर्सिटी से एमएससी की डिग्री हासिल की और अभी वर्तमान में एसजीटी युनिवर्सिटी के छात्रों को पढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि वह शिक्षिका के पद पर कार्यरत रहते हुए इसी विश्वविद्यालय से शोध का विषय मानव आंत में पाए जाने वाले सक्ष्म जीव में पीएचडी की उपाधि हासिल कर समाज व जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि सुचंद्रा पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने के बाद इसी विषय पर और शोध करने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए वह पूरे लगन के साथ तैयारी कर रही है। साथ ही उसे पूर्ण विश्वास है कि उसे सफलता हासिल होगी। पीएचडी की उपाधि हासिल करने के बाद उनके परिजनों व समाज के लोगों में काफी खुशी है। साथ ही परिजनों व समाज के लोगों ने उसके सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।




# जगदलपुर में 86 एवं दरभा ब्लाक में 80.05 प्रतिशत मतदान हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बदलते बस्तर की उम्मीद बढ़ा रहे मतदाता यही कारण है,की सोमवार को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में सुबह 6 बजे से ही मतदाताओ में वोट देने भारी उत्साह देखा गया। खासकर महिलाएं सुबह से मतदान केंद्रों में कतार में खड़ी होकर मतदान कर ग्रामीण सरकार कि चयनित करने भारी उत्साह दिखा। महिलाओं में एकाएक मतदान को लेकर जागरुकता भविष्य के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।

■ सुबह 6 बजे से वोट देने लगे रहे लाइन में, महिलाओं की लंबी लाइन

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया के तहत सोमवार को बस्तर जिले में प्रथम चरण में जगदलपुर और दरभा ब्लॉक में मतदान सम्पन्न हुई, इस दौरान जगदलपुर ब्लॉक में 86 प्रतिशत और दरभा ब्लॉक में 80.05 याने दोनों ब्लाक में कुल 83.25 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान सुबह 6.45 बजे से प्रारंभ हुई और दोपहर 3 बजे तक जारी रही। मतदान करने सुबह से मतदाताओं की केन्द्रों में लाइन लगी रही, वहीं दोपहर 2 बजे तक जितने भी मतदाता केन्द्रों तक पहुंचे थे, उन्हें मतदान करने का अवसर मिला। कुल मिलाकर मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला।

उल्लेखनीय है कि बस्तर जिले में तीन चरण में चुनाव सम्पन्न हो रहा है। प्रथम चरण में 17 फरवरी को जिले के जगदलपुर और दरभा ब्लॉक में मतदान सम्पन्न हुआ। जगदलपुर ब्लॉक के 218 मतदान केन्द्रों में 91664 मतदाता और दरभा ब्लॉक के 101 मतदान केन्द्रों में 41207 मतदाता शामिल थे। मतदान के बाद मतदान केन्द्रों में ही ग्राम पंचायत स्तर पर मतगणना की गयी, जो देर रात तक जारी। मतदान केन्द्रों में प्रत्याशियों व समर्थन परिणाम आने का बेसब्री से इंतजार करते रहे और परिणाम की घोषणा होने तक डटे रहे। बाद में जब परिणाम आया तो देर रात तक विजयी प्रत्याशी व समर्थक आतिशबाजी के साथ खुशियां मनाते रहे।

#### दो ब्लॉक में इतने प्रत्याशी थे चुनाव मैदान में

जिले के जगदलपुर ब्लॉक में जिला पंचायत सदस्य के 2 पद के लिए 7 प्रत्याशी, जनपद सदस्य के 18 पद के लिए 83 प्रत्याशी, सरपंच के 71 पद के लिए 239 प्रत्याशी और पंच के 516 पद के लिए 1223 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जबकि पंच के 418 पद पर निर्विरोध चुने गए थे। वहीं दरभा ब्लॉक में जिला पंचायत सदस्य के 1 पद के लिए 4 प्रत्याशी, जनपद सदस्य के 10 पद के लिए 33 प्रत्याशी, सरपंच के 45 पद के लिए 175 प्रत्याशी और पंच के 255 पद के लिए 572 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जबकि पंच के 298 पद पर निर्विरोध चुने गए थे।

#### मतदान केन्द्रों में तगड़ी रही सुरक्षा व्यवस्था

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर मतदान केन्द्रों में पुलिस ने तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी थी, ताकि मतदान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से आसानी से निपटा जा सके। हालांकि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। इस दौरान निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी व पुलिस के अधिकारी दिनभर मतदान केन्द्रों का जायजा लेते रहे।

#### संवेदनशील इलाका होने से मतदान समय में बदलाव

संवेदनशील इलाका होने के कारण प्रशासन ने मतदान का समय दोनों ब्लॉक में सुबह 6.45 से दोपहर 2. 45 तक का रखा है। ऐसे में कम समय होने की वजह से मतदाता सुबह से ही केंद्रों में कतारबद्ध खड़े अपनी बारी की प्रतीक्षा करते नजर आए। विकास और सफाई के मुद्दे पर लोग वोट डालने घरों से निकले हैं।

# भाजपा की रणनीति ने दिलाई जीत कांग्रेस का सामाजिक समीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

नगर पंचायत नगरी के चुनाव में भाजपा ने जहां अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की, वहीं कांग्रेस की सामाजिक समीकरण आधारित रणनीति पूरी तरह फेल हो गई। कांग्रेस ने पूरे चुनाव के दौरान विभिन्न समाजों के मतदाताओं को जोड़कर जीत की कोशिश की, लेकिन जनता ने इस गणित को नकारते हुए भाजपा को समर्थन दिया। भाजपा की इस जीत में सबसे अहम भूमिका सही प्रत्याशी चयन, सशक्त प्रचार-प्रसार और व्यक्तिगत जनसंपर्क अभियान की रही। भाजपा प्रत्याशी बलजीत छाबड़ा ने चुनाव प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी और हर घर जाकर मतदाताओं से सीधा संवाद किया। इसके साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस और नगरी नगर चुनाव प्रभारी महेंद्र पंडित, चुनाव संचालक नागेंद्र शुक्ला की प्रभावी रणनीति ने जीत का मार्ग प्रशस्त किया। राज्य और केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का असर भी जनता पर साफ दिखा। इस चुनाव ने यह संदेश दे दिया कि अब केवल सामाजिक समीकरणों के सहारे जीत हासिल करना संभव नहीं है। जनता अब नेतृत्व क्षमता, कार्यकुशलता और विकास को प्राथमिकता दे रही है। भाजपा की यह जीत दिखाती है कि अगर सही प्रत्याशी चुना जाए और जमीनी स्तर पर मेहनत की जाए,तो गुटबाजी जैसी चुनौतियों के बावजूद सफलता हासिल की जा सकती है।

■ बलजीत छाबड़ा का व्यक्तित्व जीत में बड़ी भूमिका बनी

हालांकि भाजपा की इस जीत में कई मुश्किलें भी आईं। पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और चर्चित कार्यकर्ता चुनावी मैदान में सक्रिय नजर नहीं आए। कुछ कार्यकर्ताओं ने तटस्थ रवैया अपनाया, जिससे बलजीत छाबड़ा को प्रचार के दौरान अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ी।

चुनाव के दौरान यह साफ देखा गया कि कई भाजपा नेताओं ने वह सक्रियता नहीं दिखाई, जिसकी आवश्यकता थी। कांग्रेस ने इस चुनाव में पूरी ताकत झोंकते हुए विभिन्न समाजों का समर्थन जुटाने की रणनीति अपनाई थी। उसके वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता पूरी एकजुटता से मैदान में उतरे थे। लेकिन भाजपा के मजबूत संगठन और प्रत्याशी की व्यक्तिगत छवि और मेहनत ने कांग्रेस की रणनीति पर पानी फेर दिया।

**खबर संक्षेप**

### पॉलीटेक्निक कॉलेज में 19 को होगा टेबुलेशन कार्य

सुकमा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण में हुए मतदान के तहत सुकमा विकासखंड के पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्यों को प्राप्त मतों का टेबुलेशन कार्य 19 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे से किया जाएगा। इसके लिए सुकमा विकासखंड का टेबुलेशन कार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर सुकमा में आयोजित किया जाएगा। सारणीकरण पूर्ण होने के बाद निर्वाचित जनप्रतिनिधियों जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच को रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्वाचन का प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

### टेबुलेशन प्रक्रिया के लिए की गई सभी तैयारियां

**सुकमा**। सुकमा जनपद के रिटर्निंग ऑफिसर अनिल ध्रुव ने बताया कि टेबुलेशन कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। प्रत्येक जनपद सदस्य क्षेत्र के आधार पर सुकमा विखं में 10 टेबल लगाए जाएंगे। जनपद सदस्यों का सारणीकरण पूर्ण होने के बाद उन्ही टेबलों पर जनपद क्षेत्र में शामिल ग्राम पंचायत के सरपंच पदों का सारणीकरण किया जाएगा।

## सुकमा जनपद के पंचायतों में शांतिपूर्ण मतदान

# मतदाताओं ने उत्साह के साथ डाला अपना वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सोमवार को जनपद पंचायत सुकमा के सभी ग्राम पंचायतों में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। लोकतंत्र के इस महापर्व में हर उम्र के मतदाताओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।

मतदान केंद्रों में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे और प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था से मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही थी। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। चुनाव में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कई मतदाता पहली बार मतदान कर रहे थे, जिनमें उत्साह साफ झलक रहा था। मतदान केंद्र दूर होने से मतदाता अपने स्वयं के साधन ट्रेक्टर, टेम्पो में चढ़कर भारी संख्या में वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंच रहे थे। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सहूलियत के लिए पानी, छाया और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी।

उल्लेखनीय है कि दोपहर 1 बजे तक सुकमा जनपद पंचायत में 45.81 प्रतिशत मतदान हुआ है।



**पंच, सरपंच, जनपद व जिपं सदस्यों के लिए मतदान**

426 वार्ड पंचों के लिए 571 उम्मीदवार हैं जबकि 33 सरपंच पदों के लिए 108 और 10 जनपद सदस्यों के लिए 30 उम्मीदवार मैदान में हैं। बता दें त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन का मतदान मतपत्र के माध्यम से हुआ है, मतदाताओं ने पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान किये हैं। रिटर्निंग अधिकारी अनिल ध्रुव ने बताया कि दोपहर 1 बजे तक यह अनन्तिम आंकड़ा है, अंतिम आंकड़ा शाम 7-8 बजे तक मिलने की संभावना है। शांतिपूर्वक निर्वाचन के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई थी।

### कलेक्टर व एसपी ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण



सुकमा। सुकमा विकासखंडों में सोमवार को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत प्रथम चरण का चुनाव प्रक्रिया संपन्न गई है। इस दौरान, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव और एसपी किरण चव्हाण ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और चुनाव व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने दूरस्थ मतदान केन्द्र बड़ेसट्टी में स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, स्वच्छता, मतदान की प्रक्रिया और अन्य व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। कलेक्टर ने अपने दौरे के दौरान विभिन्न मतदान केंद्रों पर मौजूद मतदान अधिकारियों से मतदान प्रक्रिया की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही, उन्होंने मतदाताओं से भी संवाद किया और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने मतदान अभिकर्ताओं से भी बातचीत की और उन्हें शांति से चुनाव कराने का संदेश दिया। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित किया कि मतदाता कतार में खड़े होकर शांतिपूर्वक मतदान करें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने चुनाव कर्मचारियों से कहा कि वे मतदान प्रक्रिया के दौरान पूरी सतर्कता और ईमानदारी से काम करें ताकि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न हो।

## शिव पुराण की कथा के समापन पर हुआ भंडारा

### शिव महापुराण कथा हवन-पूजा के साथ हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

मां दंतेश्वरी की धरा दंतेवाड़ा में शिव महापुराण कथा का भक्तिमय माहौल में हवन पूजन व भण्डारे के साथ विधिवत समापन किया गया। बालोद से पहुंचे आचार्य अनिल तिवारी ने कथा का वाचन किया। शिव महापुराण कथा की शुरूआत 10 फरवरी से हुई थी। एक सप्ताह तक दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक शिवमहापुराण का वाचन किया जाता था। इन 7 दिनों में भगवान शिव की सभी महिमाओं का वर्णन आचार्य अनिल तिवारी ने बड़े ही सुंदर ढंग से कर भक्तों का झूमने पर मजबूर कर दिया। शनिवार को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लेकर इस क्षण को यादगार बना दिया। रविवार के सुबह से ही पहले भजन संध्या फिर हवन साथ ही गौ दान के साथ भण्डारे का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए आचार्य अनिल तिवारी ने बताया कि मां दंतेश्वरी की धरा दंतेवाड़ा में आकर कथा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। कुछ महीने पहले भी दंतेवाड़ा पहुंचकर हमनें शिव महापुराण कथा का वाचन किया था। इन 7 दिनों में मां दंतेश्वरी का आर्शीवाद व भक्तों का इतना स्नेह मिला जो हमेशा मेरी स्मृतियों में रहेगा। आचार्य अनिल तिवारी ने आगे कहा कि इस तरह के भक्तिपूर्ण आयोजन से दंतेवाड़ा की भव्यता और धार्मिक महत्ता और भी बढ़ेगी। इस धार्मिक आयोजन के लिए जिले वासियों ने ट्रायवल कालोनी समिति को भी धन्यवाद दिया।

■ भक्तिपूर्ण आयोजन से बढ़ेगी दंतेश्वरी धाम की महत्ता : आचार्य

## विधायक अटामी ने गृह ग्राम कासोली पहुंच किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

विधायक चैतराम अटामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान करने अपने गृह ग्राम कासोली पहुंचे। बूथ क्रमांक - 44 पटेल पारा कासोली- 1 पहुंचकर विधायक चैतराम अटामी ने अपने मत का प्रयोग किया। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व के तहत त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में मैने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी सहभागिता निभायी है, आप सब भी अधिक से अधिक मतदान करें, नगरीय निकाय में सभी जगह भाजपा को प्रचंड जीत मिली है और अब पंचायत में भी ज्यादा से ज्यादा भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीतेंगे एवं पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा की सरकार बनेगी।

## मां दंतेश्वरी दर्शन के लिए पहुंचे महापौर....





**दंतेवाड़ा।** नव निर्वाचित जगदलपुर महापौर संजय पाण्डे पत्नी रेखा पाण्डे के साथ दंतेवाड़ा पहुंचे। दंतेवाड़ा आगमन पर विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी व पुष्पगुच्छ भेंट कर मंदिर चौक में स्वागत किया। महापौर संजय पाण्डे सह परिवार बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दरबार पहुंचे व देवी दर्शन कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की व आर्शिवाद प्राप्त किया। इस दौरान विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष महावीर महेश्वरी, राजेश बोरबन, साजन सिंह, पार्षद कैलाश गुप्त, शिव, अभिशेख तिवारी, आशु आचार्य, तेजपाल शर्मा समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथ रहे।

### 20 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया

# समस्याओं को लेकर आयुक्त से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



आदिम जाति विभाग आयुक्त एल्मा के 2 दिवसीय बस्तर दौरे के लिए आदिवासी युवा छात्र संगठन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सर्किट हाउस जगदलपुर में आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास पीएस एल्मा के साथ आश्रम व छात्रावासों की विभिन्न समस्याओं और आदिवासी विकास विभाग की योजनाओं में हो रही कमियों को लेकर 2 घण्टे तक आदिवासी युवा छात्र संगठन बस्तर संभाग के द्वारा विस्तृत चर्चा किया गया।

बैठक में 20 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। जिनमें आदिवासी प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, कन्या और बालक आश्रम व छात्रावासों की स्थिति का विशेष उल्लेख था। जिसमें नवीन एकलव्य आवासीय विद्यालय के भवन स्वीकृति के संबंध में चर्चा, कन्या छात्रावास बकावंड जिसमे 50 सीट स्वीकृत है परंतु जनप्रतिनिधियों के द्वारा 250 सीट संचालन करने की घोषणा करने पर 200 से अधिक सीट हेतु अधीक्षिका द्वारा खुद के पैसे से संचालन कर रहीं हैं। इस समस्या को आयुक्त को अवगत कराने पर अप्रैल माह से सीट वृद्धि करने एवं सत्र 2024-2025 की अतिरिक्त सीट के लिए व्यय राशि का व्यवस्था सहायक आयुक्त बस्तर जिला को जल्द से जल्द करने हेतु आदेशित किया गया।इसके अलावा प्रवेश परीक्षाओं से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कक्षा 6 के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9 और 11 के लिए तथा पं. जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा 6 के लिए प्रवेश परीक्षाओं की प्रक्रिया पर विचार किया गया। आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के अंतर्गत राजीव युवा उत्थान योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर और बस्तर में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं और सरगुजा संभाग में भी इस तरह के केंद्र खोले जाने की मांग की गई। संगठन ने योजना का लाभ बस्तर संभाग, सरगुजा संभाग एवं जिला स्तर के विद्यार्थियों तक पहुंचाने और कक्षाओं का संचालन जून-जुलाई माह से कराने की आवश्यकता पर जोर दिया।

आदिवासी युवा छात्र संगठन बस्तर संभाग के निवेदन पर प्रयास आवासीय विद्यालय के आवेदन की तिथि का 7 दिनों तक वृद्धि किया गया था। इस बैठक से स्पष्ट है कि आदिवासी विद्यार्थियों की शिक्षा और विकास को लेकर संगठन गंभीर है और प्रभावी कदम उठाने के लिए तत्पर है।

इस दौरान आदिवासी युवा छात्र संगठन बस्तर संभाग अध्यक्ष लक्ष्मण बघेल, बस्तर जिलाध्यक्ष सहादई गोयल, ठुमेश्वर मौर्य, निर्मल नेताम, महेश कश्यप, सुशीला, पूनम, नम्रता, संतोषी, रीना एवं अन्य उपस्थित रहें।

## महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बचेली में इस साल भी त्रिदिवसीय महाशिव रात्रि का पर्व शिव मंदिर परिसर रेल्वे कॉलोनी में मनाई जायगी। यह दिन भगवान शिव का आशीर्वाद पाने के लिए सबसे खास माना जाता हैं। महाशिव रात्रि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता हैं।

चतुर्दशी तिथि भगवान शिव को समर्पित हैं और इस दिन 26 तारीख बुधवार रात्रि 12 बजे भगवान शिव का महारुद्राभिषेक किया जाना हैं तथा इसी दिन देवो के देव महादेव का दर्शन व अभिषेक सुबह 4 बजे से आरम्भ हों जायगा। महाशिव रात्रि के दिन भगवान शिव का जो लोग पूजन करते हैं भगवान भोलेनाथ का उन पर विशेष कृपा करते हैं। मंदिर परिसर में साज सज्जा किया जा रहा हैं। रंग रोगन के साथ एनएमडीसी के ठेका श्रमिकों द्वारा साफ-सफाई का कार्य जोरों पर किया जा रहा हैं। विदित हो की बचेली में महा शिव रात्रि का पर्व रेल्वे कॉलोनी में विगत 50 साल से ओम मनोनमणि अम्बिका लिंगेशवर साईं नाथ मंदिर समिति द्वारा मनाई जा रही हैं। पूजा समिति द्वारा विशेष भंडारा का आयोजन 3 मार्च को दोपहर 12 बजे से किया जायगा।



# विजय वार्ड में युवाओं को नशामुक्ति के लिए चलाया जाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पहली बार पार्षद निर्वाचित होकर वार्ड मुखिया के रूप में सेवा देने वार्ड जनप्रतिनिधि नवनिर्वाचित वार्ड जनप्रतिनिधि ने वार्ड को अलग पहचान दिलाने मन मे अनेक सपना पाले हुए है। पार्षद बनने के बाद वार्ड विकास के लिए यह सब काम कर अपने उद्देश्य की पूर्ति करते वार्डवासियों को संतुष्ट कर पाएंगे। हरिभूमि हमारा वार्ड हो सबसे स्वच्छ वार्ड की परिकल्पना को लेकर समूचे 48 वार्ड में अभियान चलाया है। हर दिन अलग-अलग निर्वाचित पार्षदों से चर्चा कर उनसे राय लिया जा रहा है। चर्चा में सभी पार्षदो का विजन और काम करने की ललक तो स्पष्ट दिख रहा है। विजय वार्ड में पहली बार पार्षद निर्वचित हुए गौतम पाणिग्राही ने कहा वार्ड में मूलभूत सुविधा का अभाव है। क्षेत्र में सड़क मरम्मत,डामरीकरण,नाली निर्माण,पुल-पुलिया निर्माण कार्य करने की आवश्यकता है। पाणिग्राही ने कहा पूर्व पार्षद क्या काम किये नही किये उस पर कुछ टिप्पणी करना उचित नही है। लेकिन वार्ड में अनेक कार्य शेष है,जिसे पूरा करने की महती आवश्यकता है। पाणिग्राही की चिंता वार्ड के भटके हुए युवाओ पर है,जो नशे की लत में अपना और अपने परिवार का भविष्य बर्बाद करने में लगे है। ऐसे युवाओ को नशा मुक्ति केंद्र शुरू कर उन्हें काउंसलिंग कराकर मुख्यधारा में वापस लाने पर होगा। वार्ड में नियमित जलापूर्ति समस्या को दूर करना है। उन्होंने बताया वार्ड में समय-समय पर जन समस्या निवारण शिविर लगकर लोगो की समस्या लेकर उन समस्याओं को दूर किया जाएगा। गौतम ने कहा वार्ड की बेरोजगार महिलाओ को सिलाई मशीन,दोना-पत्तल मशीन लोन में उपलब्ध कराकर उन्हें स्वालंबी की दिशा में आगे बढ़ाना पर फोकस होगा। शहर के सबसे पुराने वार्ड में एक शिव मंदिर वार्ड में सबसे प्राचीन शिव मंदिर है। जिसका जीर्णोद्धार कर उसे शिवधाम के रूप में विकसित करने का सपना है। जिसे हर हाल में इसी कार्यकाल में पूरा करने पर फोकस रहेगा। उक्त बातें शिव मंदिर वार्ड के वरिष्ठ पार्षद निर्मल पाणिग्राही ने हरिभूमि को साझा किया।

**नयापारा मार्ग का चौड़ीकरण मुख्य कार्य**

मोतीलाल नेहरू वार्ड शहर के विकसित और शिक्षित वार्ड में सम्मलित है। इस वार्ड में मूलभूत समस्या में जलापूर्ति मुख्य समस्या है,जिसे दुरुस्त किया जाएगा। वार्ड के दूसरे बार पार्षद बने वरिष्ठ पार्षद आलोक अवस्थी का सबसे बड़ा मिशन गांधी(हाता)मैदान से जिला न्यायालय सड़क का चैड़ीकरण कार्य है। अवस्थी के मुताबिक इस सड़क की चौड़ाई वर्तमान में 20 फ़ीट है। 800 मीटर लम्बी सड़क के चौड़ीकरण के लिए पहले ही 2 करोड़ 90 लाख रुपए स्वीकृत है। इस सड़क को 10 मीटर चौड़ी करना है। आलोक का सपना है,वार्ड में एक छोटा उद्यान विकसित कर पाथवे का निर्माण करना है, ताकि वार्डवासी को सुबह-शाम टहलने में सुविधा हो।

## करोड़ों की ठगी के मामले में अब शिक्षक गिरफ्तार

**धमतरी**। अलग-अलग विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों की ठगी मामले में धमतरी के शिक्षक को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ठगी के इस मामले में 8 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामला 65 लोगों से 5 करोड़ रूपए की धोखाधड़ी का है। ठगी का मामला राजधानी रायपुर का है। 29 जनवरी को प्राथिया अंजना गहिरवार ने सिविल लाइन रायपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फरवरी 2021 में वह अपने रिश्तेदार देवेंद्र जोशी, झगीता जोशी के घर गई थी। जहां नौकरी की इच्छा जाहिर करने पर उन्होंने बड़े अधिकारियों से जान पहचान का झांसा दिया। बड़े अधिकारियों से सेटिंग होना बताकर अंजना गजेंद्र लहरे, कुणाल देव, भुनेश्वरी सोनवानी तथा अन्य लोगों से 25-25 लाख रूपए लिए। मामले में सिविल लाइन थाना रायपुर में धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कमांडो ट्रेनिंग में कोबरा 204 वाहिनी की टीम प्रथम

**जगदलपुर।** सीएसजेडब्लूटी कोबरा कमांडो ट्रेनिंग स्कूल, बेलगांव (कर्नाटक) में आयोजित कमांडो ट्रेनिंग में छत्तीसगढ़ में तैनात 204 कोबरा की टीम ने डिप्टी कमांडेंट सवितेशु सत्या के कुशल नेतृत्व में प्रथम स्थान हासिल किया। उन्हें इस प्रशिक्षण के दौरान वेस्ट फायरर की ट्रॉफी प्राप्त की है। ट्रेनिंग के बाद विजेता ट्रॉफी लेकर जगदलपुर लौटने पर कोबरा टीम का भव्य स्वागत किया गया। विजेता टीम को कमांडेंट संतोष कुमार मल्ल ने बधाई देते हुए सभी कमांडो को पुरस्कार देने की घोषणा की। द्वितीय कमान अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि कोबरा की ट्रेनिंग बहुत कठिन है और जंगल वारफेयर में कोबरा ना केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि विश्व स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बना चुकी है। बस्तर में छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ मिलकर नक्सलवाद खत्म करके शान्ति करने के लिए कटिबद्ध है ।

### छात्रावास में अनुशासित जीवन का महत्व आया समझ में और बड़े बनने की मिली प्रेरणा



**जगदलपुर।** शहर के कमला नेहरू कन्या छात्रावास में सद्भावना एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जीएस सोरी ने आयोजन की प्रशंसा करते कहा कि बच्चों की प्रस्तुति देखकर हमें अपने बचपन की याद आ गई क्योंकि हमने छात्रावास में रहकर पढ़ाई की। घर से दूर छात्रावास में रहकर पढ़ना कई मामले में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्रावास में रहने से सांस्कृतिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास होता है। सबसे बड़ी बात अनुशासन में रहने और पढ़-लिखकर बड़ा बनने की सोच पैदा होती है। मैंने भी छात्रावास में रहकर पढ़ाई की। अब आपकों तय करना है कि अच्छे से पढ़ लिखकर किस मार्ग पर आगे चलना है। उन्होंने बच्चों से छात्रावास में रहकर समय का सदुपयोग करने की समझाईश दी। साथ ही कहा कि मोबाइल के उपयोग के विषय में जो नाटक प्रस्तुत किया गया वह काफी प्रेरक रहा। इसमें मोबाईल का कम से कम उपयोग और मोबाईल से अच्छी शिक्षाप्रद बातें ग्रहण करने और फालतू की बातों को नजरअंदाज करने की सीख मिली। इस मौके पर सहायक आयुक्त जीएस सोरी ने कहा कि यहां आकर मुझे अपने पढ़ाई का दिन याद आ गया। मैं भी आश्रम में रहकर पढ़ाई किया। आश्रम में रहने पर अमीर-गरीब, छोटा-बड़ा अन्य तरह का भेदभाव नहीं रहता। साथ रहने वाले सभी लोग दूर-दूर से अलग-अलग गांव से आए हुए हैं। सब की पारिवारिक स्थित अलग-अलग है, लेकिन यहां सब एक है। यह अच्छी बात है कि आज सद्भावना एकता दिवस मनाया गया।

नृत्य देख सभी ने बजाई तालियां

छात्रावास सद्भावना एकता दिवस के लिए 6वीं से 12वीं तक की 4 छात्रावास की बालिकाओं ने गीत संगीत की अच्छी तैयारी की थी। आज उनका एकल और समूह नृत्य देखकर सभी ने आनंद लिया और तालियां बजाकर प्रस्तुति की सराहना की। इस मौके पर मंडल संयोजक दीपक मौर्य भी मौजूद थे। वहीं छात्रावास अधीक्षिका कचरी कचलाम, कु. लवण रेखा ठाकुर, रचना बामबोड़े तथा सुमन पटेल के प्रयास से कार्यक्रम अच्छे से सम्पन्न हुआ। जिसकी सभी ने सराहना की।

### निधन

### दिनेश मंगलानी



**कांकेर।** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी जय हिंद होटल के संचालक दिनेश मंगलानी उम्र 50 वर्ष का निधन 16 फरवरी की रात हदयाघात से हो गया। वे मनोहर लाल मंगलानी के पुत्र थे। पगड़ी रस्म कार्यक्रम 19 फरवरी को दोपहर 1 बजे रामदेव बाबा मंदिर सभाकक्ष में रखा गया है।

### तैयारी : 10वीं, 12 वीं सहित अन्य बोर्ड परीक्षाओं पर चर्चा हुई

# संकुल प्राचार्य और समन्वयक की बैठक में परीक्षा पर चर्चा व निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल




विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत समस्त संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक का समीक्षा बैठक 17 फरवरी को खंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय दुर्गूकोंदल में हुई। बैठक में आगामी माह में होने वाले 12 वीं, 10 वीं, 8 वीं, 5 वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी की समीक्षा की गई।

विद्यार्थियों को राज्य प्रवीण्य सूची में लाने के लिए प्राचार्यों से चर्चा की गई तथा कम अच्छे विद्यार्थियों को उपचारात्मक शिक्षण देकर परीक्षा पूर्व तैयार करने निर्देशित किया किया। शिक्षकों को पालक संपर्क करने एवं वार्षिक परीक्षा में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिला कार्यालय द्वारा प्रदान किया गया प्रश्न बैंक की उपयोगिता पर भी गहन प्रकाश डाला गया। खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने कहा कि हम सभी के समुचित प्रयास से दुर्गुकोंदल विकासखंड शिक्षा के क्षेत्र में जिला कांकेर का नेतृत्व कर रहा है। प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में वर्तमान में चल रहे तैयारियों से जो शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हुआ है, उसका असर आगामी समय में हाई और हॉयर सेकेंडरी स्कूल पर दिखेगा। बैठक में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने कहा कि गत दिवस हुए राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा एवं नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में आप सभी शिक्षकों का कार्य सराहनीय रहा। निश्चित रूप से उसके अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। अंदरूनी इलाके लाटमरका, हुलघाट, सराधुघमरे का निरीक्षण किया गया। जहां सभी शिक्षक उपस्थित और अध्यापन करवाते पाए गए। साथ ही कक्ष और किचन गार्डन की सुंदरता देखते बन रही थी। शिक्षक एनएमएमएसई की तैयारी करवाते पाए गए एवं बच्चों ने भी निर्भीक होकर जवाब दिया, जिससे पता चलता है कि विकासखंड शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। शिक्षा विभाग को प्राप्त लक्ष्य नियद नेल्लानार एंट्री तय समय के पूर्व होने पर जिला स्तर पर भी खूब सराहा गया है, जिसके लिए सभी संकुल समन्वयक अवकाश के दिवसों में भी कार्य करने का परिणाम है।

आयोजित बैठक में बीआरसी लतीप सोम, मंडल संयोजक बैजनाथ नरेटी, प्राचार्य बाबूलाल कोमरे, श्रीधर दास, हेमंत श्रीवास्तव, प्रकाश कुमार गोस्वामी, हीरानंद कोठारी, शिवलाल कोमरे, इरशाद बेगम, राजबत्ती पोटाई, संकुल राजकुमार चंद्राकर, शंकर नागवंशी, योगेश मरकाम, रामचंद दुग्गे तुलसी केमरो, बृजभूषण आर्य, गोवर्धन मंडावी, तुलसी केमरो, उमाकांत भंडारी सहित समस्त संकुल प्राचार्य व संकुल समन्वयक उपस्थित रहें।

# पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



सरंगरपाल निवासी युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कांकेर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, वहीं अदालत ने आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है। पीड़िता ने कांकेर पुलिस को 16 फरवरी को घटना की लिखित में जानकारी दी, जिसमें पीड़िता ने बताया कि आरोपी से वर्ष 2013 से जान पहचान होने के कारण आरोपी ने इसका फायदा उठाया, और पीड़िता का मोबाईल नंबर लेकर आरोपी उससे बातचीत करने लगा और लगातार तीन साल तक बातचीत करता रहा। पीड़िता का कंप्यूटर कोर्स पूर्ण होने के उपरांत 2016 से कांकेर थानांतर्गत रहने लगी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पसंद करने की बात बोलकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और पीड़िता से लगातार बात करता रहा। शादी की बात बोलकर पीड़िता को धोखे में रखकर लगातार दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता के आवेदन पर थाना कांकेर मे अपराध क्र. 52/2025 घारा 64 (1), 69 भा. न्याय सं. कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की विवेचना के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन, एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी मोहसीन खान के मार्गदर्शन में निरीक्षक मनीष नागर द्वारा थाना से टीम गठित कर आरोपी के तत्काल गिरफ्तारी के कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। मुखबिर से मिली जानकारी पर आरोपी उमेन्द्र भास्कर को घड़ी चौक से घेराबंदी कर अभिरक्षा मे लेकर पुछताछ करने पर उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त अपराध धारा का सबूत पाए जाने से 16 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। कार्यवाही करने वाली टीम में सहायक उपनिरीक्षक भुनेश्वरी भगत, महिला आरक्षक मनोरमा सुरोजिया, आरक्षक शैलेन्द्र सोरी, मुनेश शोरी एवं थाना पेट्रोलिंग का योगदान रहा।

## नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष से वार्डवासियों ने की सौजन्य मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर नगरपालिका के नवनिर्वाचित नगर पालिका के अध्यक्ष की प्रचण्ड मतों से ऐतिहासिक जीत के पश्चात अरुण कौशिक से वार्डवासियों ने उनके निवास पर जाकर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान नवनिर्वाचित नगर पालिका के अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि मैंने राजनीति केवल सेवा भाव से करना स्वीकार की है, आगे भी करता रहूंगा। सभी वार्डवासियों का प्यार और आशीर्वाद मुझे प्राप्त हुआ है, मैं कोशिश करूंगा कि उनकी उम्मीदों पर में खरा उतरूं। उदय नगर में रहता हूं, इसलिए वार्ड पार्षद के सहयोग से उदय नगर को स्वच्छ, सुंदर और मॉडल वार्ड बनाने की कोशिश करूंगा और साथ ही पूरे कांकेर क्षेत्र में साफ पेय जल, साफ सफाई और सुंदरता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, इसमें आप सभी बुद्धिजीवियों के भी सहयोग की आवश्यकता होगी। इस अवसर पर वार्ड की निवासी हेमलता वैष्णव, किरण झा, अनिता श्रीवास्तव, ऊषा गुप्ता, केबी मंडल, रामेश्वरी गौतम, कुसुम सरकार, सुनीता चोपड़ा, गोमती साहू, परमेश्वरी सिन्हा, शशि गांधी, पवन ठाकुर, गिरीश गौतम, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, पीतांबर सिंहा, देवेंद्र चतुर्वेदी के अलावा वार्ड की पूर्व पार्षद विजयलक्ष्मी कौशिक एवं सुभाष वार्ड के नवनिर्वाचित युवा पार्षद विकास अंभोरे एवं वार्डवासी भी उपस्थित रहे।



## योग सभी रोगों और जीवन की सभी समस्याओं पर है रामबाण : आईजी

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन-पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में 15 दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का दूसरे दिन दीप प्रज्वलन आईजी सुंदरराज पी, सेकंड कमांडेंटेंट सीआरपीएफ पुरूषोत्तम, प्रतिष्ठित व्यवसायी अजय गुप्ता, रवींद्र हेमनानी, भूतपूर्व सेनानी मनोज शुक्ला, पदमा बीसोई, अंजलि मिश्रा, रेखा ठाकुर, आसमान मुचकी, बीआर देवांगन, अयोध्या प्रसाद के सानिध्य में किया गया। साथ में पुलिस परिवार, सेना जवान और नागरिकों ने बड़चढ़ कर भाग लिया। फिट बस्तर हिट बस्तर के अनतर्गत 15 दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का नगर में 15 जगहों पर कुशलता से संचालन किया जा रहा है। नगर के 15 जगहों पर हजारों नगरवासियों ने इसका लाभ उटा रहें हैं। 15 फरवरी से 2 मार्च तक चलने वाले योग शिविर में प्रतिदिन योग यज्ञ के साथ-साथ बीपी शुगर, वजन की जाँच की जाएगी और पौष्टिक अंकुरित अनाज भी दिया जा रहा है। इस शिविर में जिला प्रशासन-पुलिस प्रशासन सहित नगर के सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं का नेतृत्व व सहयोग मिल रहा है।

## मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण कार्य और दायित्वों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



- 19 फरवरी को सुबह 9 बजे से मतदान दलों को सामग्री का होगा वितरण

भानुप्रतापपुर विधानसभा के तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत मतदान दलों के कर्मचारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 17 फरवरी को सेंट जोसफ स्कूल भानुप्रतापपुर में हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं भानुप्रतापपुर के एसडीएम गंगाधर वाहिले के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के लिए कुल 142 दलों में से दल क्रमांक 1 से 80 तक का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। रिटर्निंग आफिसर सुरेंद्र उर्वशा ने कहा कि निर्वाचन राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसमें लगे अधिकारी कर्मचारी भलीभांति अपने दायित्वों को जान ले, साथ ही स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में मतदान दलों की महती भूमिका होती है। अपनी सभी शंकाओं एवं प्रश्नों का समाधान प्रशिक्षण के दौरान कर लें। प्रशिक्षण में सभी दलों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स टिकेश्वर ठाकुर द्वारा मतदान दलों को उनके कार्य और दायित्वों को बताया। उन्होने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में चार प्रकार के मतपत्र का प्रयोग किया जाएगा। पंच के लिए सफेद मतपत्र, सरपंच के लिए नीला मतपत्र, जनपद सदस्य के लिए पीला मतपत्र और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्र का प्रयोग किया जाएगा। प्रशिक्षण में बीईओ सदे सिंह कोमरे, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, बीआरसी राधेलाल नुरेटी,ब्लाक मास्टर ट्रेनर्स निरंकार श्रीवास्तव, पारस उसेण्डी, अविनाश श्रीवास्तव, भरत श्रीवास्तव, अविनाश सिंह, नुमेश सोनी, प्रदीप सेन, नितिन ध्रुव, मनोज चैहान, खेमलाल कटेंद्र, नीलेश वर्मा, हूबलाल सिन्हा के साथ-साथ संकुल समन्वयक एवं मतदान दल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मतदान के लिए छलका उत्साह ग्रामीण क्षेत्रों में लंबी कतार

**बीजापुर।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण में बीजापुर जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए मतदान सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 6:45 से मतदान शुरू हो गया सुबह से ही मतदान केन्द्रों में लंबी कतारें लगी हुई है। स्थानीय सरकार चुनने ग्रामीण मतदाताओं में उत्साह जनक माहौल है। नैमेड़, एईटपाल, धनोरा, कोईटपाल, जैतालूर जैसे विभिन्न मतदान केन्द्रों में महिला मतदाताओं का भी उत्साहजनक माहौल देखने को मिल रहा है। जागरुक मतदाताओं ने लोगों को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान करने की अपील की है। वहीं नए मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर खुशी जाहिर की। बीजापुर जनपद पंचायत क्षेत्र में 3 जिला पंचायत सदस्य, 11 जनपद सदस्य, 25 सरपंच एवं 64 पंच पदों के लिए अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे है।

### कलेक्टर ने लिया जायजा

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण में बीजापुर जनपद क्षेत्र में मतदान कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने सहित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा ने पापनपाल, कुएनार, एरमनार, नैमेड़ सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लिया मतदान की प्रक्रिया सहित सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन कर स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतदान कार्य संपन्न कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## विद्यार्थी सिकलसेल एनीमिया से मुक्ति दिलाने के लिए करें प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणी एवं रसायनशास्त्र द्वारा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना अंतर्गत 17 फरवरी को स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत सिकल सेल रिसर्च विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे दुर्ग साइन्स कॉलेज से आये विषेषज्ञ डॉ मोती राम साहू, डॉ दिनेश कुमार एवं डॉ सोमेंन्द्र कुमार द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र मे संस्था के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने युवा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्किल डेवलपमेंट की महत्ता को रेखांकित करते हुए अपने स्किल को डेवलप करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से सैद्धांतिक ज्ञान के साथ साथ व्यावहारिक विशेषज्ञता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यहां से ज्ञान प्राप्त कर अपने समाज लोगों मे जनजागरूकता लाने का कार्य करें और बस्तर के जनजातीय समुदाय को सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति दिलाने के लिए प्रयास करें।

उन्होंने बताया कि बस्तर क्षेत्र में सिकलिन की समस्या बहुत अधिक है। इसी को ध्यान में रख कर महाविद्यालय में प्राणीशास्त्र विभाग ने सिकल सैल्स रिसर्च सेन्टर की स्थापना की जाएगी जिससे क्षेत्र के लोग बडी संख्या में लाभंवन्ति होंगे। कार्यशाला के प्रथम सत्र मे डॉ मोती राम साहू द्वारा सिकल सेल पर व्याख्यान दिया। इसके अंतर्गत उन्होंने विद्यार्थियों को सिकल सेल एनीमिया के आनुवंशिक कारणों, इसके लक्षणों तथा निदान एवं उपचार विधियों की चर्चा की। कार्यशाला के दूसरे सत्र मे प्राणिशास्त्र विभाग के प्रयोगशाला मे विशेषयज्ञों द्वारा रक्त समूह की जांच एवं माइक्रस्कापिक स्लाईड बना कर सिकल सेल का परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया। इसमे महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन मे छात्रों के रक्त समूह एवं सिकल केल सेल अध्ययन हेतु स्लाईड तैयार किया। कार्यशाला के तीसरे सत्र मे विशेषज्ञों ने रक्त नमूनों मे से हीम प्रोटीन को पृथक करना एवं ईल्क्ट्रोफ़ोरेसिस तकनीक द्वारा सिकल केल एनीमिया रोग का संपुष्टि परीक्षण का अभ्यास कराया गया। इस कार्यशाला के संयोजक प्राणिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार दत्ता एवं रसायनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. के. इंदिरा थे।

कार्यशाला के सत्रों के समन्वयक के दायित्वों का निर्वहन किशन कुमार मरावी, हॉलेश कुमार साहू, डॉ. शालिनी गुप्ता, कु. डाली परवीन, नेहा कश्यप, श्रद्धा शास्त्री पाठक एवं चंद्रदीपक सेठिया ने किया।

## यातायात व्यवस्था के लिए व्यापारियों का सहयोग जरूरी : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि चौराहों का जगदलपुर शहर की व्यवस्थित यातायात व्यवस्था और साफ-सफाई के लिए सभी व्यापारियों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शहर के मध्य बड़ी गाड़ियों से सामान लाने के निर्धारित समय का पालन करना आवश्यक है और दुकान संचालक को अपने शॉप के समीप आवश्यक सफाई, नालियों में कचरा डालने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण करें, साथ ही उन्होंने दुकानों के सामने सड़क पर विक्रय के सामानों की प्रदर्शनी लगाकर सड़क यातायात को बाधित करने की प्रवृत्ति से बचने की अपील की। इसके लिए उन्होंने प्रशासन को आवश्यक सहयोग करने के साथ ही आगामी दिनों में नगर निगम और यातायात विभाग के द्वारा कार्यवाही की जाने पर व्यवस्था बनाने में साथ देने भी कहा। सोमवार को कलेक्टर हरिस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स, बस्तर परिवहन संघ और विभिन्न स्थलों के व्यापारी समूह के प्रतिनिधियों से शहर की यातायात व्यवस्था के संबंध में जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में चर्चा कर रहे थे। बैठक में व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी शहर की व्यवस्थाओं पर अपने सुझाव दिए, जिसका प्रशासन के अधिकारियों ने स्वागत किया। कलेक्टर ने बड़ी मालवाहक वाहनों का शहर में मध्य से गुजरने की जगह बायपास मार्ग का उपयोग पर जोर दिया।

### व्यापारियों के सहयोग से बेहतर होगी व्यवस्था

पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि प्रदेश के कई महत्त्वपूर्ण शहरों में से जगदलपुर एक व्यवस्थित और प्लानिंग से बसा शहर है। ऐतिहासिक महत्व वाले इस शहर को हमें व्यवस्थित पार्किंग, यातायात व्यवस्था देना है। साथ ही वाहन चालकों को भी निर्धारित मापदंड और निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार वाहन चलाना है। शहर में गाड़ियों की लगातार संख्या बढ़ रही है, पड़ोसी राज्य और संभाग का प्रमुख मार्केट स्थल होने से भी अन्य जगहों की व्यापारियों का आना रहता है, इसलिए व्यापारियों के सहयोग से यातायात व्यवस्था को बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था हेतु प्रशासन, नगर निगम, पुलिस और व्यापारियों की एक स्थाई समिति गठित करने का सुझाव का स्वागत करते हुए अपनी सहमति दी।

